स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 25.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुन्दरानी के निर्देशानुसार आज वार्ड 22 सूर्यानगर, अहमद नगर, श्यामनगर में डेंगू के नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं मलेरिया अधिकारी ने 10 टीम बनाकर घर–घर सर्वे कर कूलर, गमला, टंकी से पानी खाली करवाकर टेमीफास का छिड़काव कराया गया और कूलर उतरवाये गये। कूलर से पानी खाली कराने पहुंची टीम को कूलर के पानी में गुड्डू सोनकर पिता लालदास सोनकर के कूलर में मरा हुआ छिपकली मिला जिसे पानी खाली कराकर समझाईस दी गई। आसपास के क्षेत्र में नाली एवं झाडु लगाकर साफ–सफाई की गई और घरों में नम्बरिंग भी की गई जनजारुकता हेतु नागारिकों को 200 नग पाम्पलेट का वितरण भी किया गया।

साफ–सफाई अभियान के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी पी0सी0 सार्वा, मलेरिया विभाग के अधिकारी मण्डल, जार्ज, स्वास्थ्य विभाग के एस0आई0 अनिल मिश्रा, धनबहादुर सोनी, बीरबल, एच0 कुमार, रामायण सिंह सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी